तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

17 दिनभर तेज धूप, खेतों की नमी खत्म होने से सूखने...



18 भाजपा जिला अध्यक्ष ने सड़क की मांग को लेकर...





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# एआई और थर्मल ड्रोन से हाथियों पर डिजिटल पहरा, दुनिया ने की तारीफ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

**अलग खबर**

## अमेरिका तक पहुंचा प्रदेश का एआई मॉडल, एमआईटी ने माना उदंती सीतानदी का कमाल







छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के लिए यह गर्व का विषय है कि 'उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में 'एआई एलीफेंट अलर्ट ऐप' तथा 'थर्मल ड्रोन आधारित हाथी निगरानी प्रणाली' को विश्व की प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी पत्रिका 'एमआईटी टेक्नोलॉजी रिव्यू अमेरिका' में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। इस लेख में मानव–हाथी संघर्ष को कम करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता थर्मल इमेजिंग तथा रियल-टाइम सामुदायिक चेतावनी प्रणाली के अभिनव उपयोग की सराहना की गई है।

लेख में उल्लेख किया गया है कि गरियाबंद जिले के 'उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व' के घने वनों में, जहाँ रात्रि के समय अथवा कठिन भू-भाग में हाथियों की निगरानी चुनौतीपूर्ण होती है, वहाँ 'इन्फ्रारेड (थर्मल) सेंसर से युक्त ड्रोन' का उपयोग किया जाता है। ये ड्रोन हाथियों की गतिविधियों का पता लगाते हैं, जिसके पश्चात प्रशिक्षित ड्रोन ऑपरेटर 'एआई एलीफेंट अलर्ट ऐप' के माध्यम से वन अमले एवं आसपास के ग्रामीणों को 'एसएमएस, फोन कॉल एवं व्हाट्सएप' द्वारा '5 से 10 किलोमीटर' के दायरे में तत्काल चेतावनी संदेश भेजते हैं। इससे मानव–हाथी संघर्ष की घटनाओं को रोकने तथा जन–धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 'एमआईटी टेक्नोलॉजी रिव्यू' जैसी ▶▶|शेष पेज 16 पर

## हादसा : घटारानी-जतमई दर्शन के लिए निकले थे दोस्त

# बस और बाइक में भिड़ंत, युवक की मौके पर ही मौत, दो घायल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर/फिंगेश्वर**

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम परसठ्ठी में गुरुवार शाम एक हृदयविदारक और भीषण सड़क हादसा सामने आया है। छुरा-छुईहा-बेलर से राजिम मार्ग पर संचालित एक यात्री बस और तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में 27 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि टक्कर के बाद बाइक के परखच्चे उड़ गए और वह बस के अगले हिस्से में बुरी तरह फंस गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिलासपुर क्षेत्र के ग्राम धुरवाकारी से अजय साहू और हिरेन्द्र साहू सहित उनके अन्य साथी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घटारानी-जतमई मंदिर दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान छुरा-राजिम मार्ग पर संचालित अमन ट्रांसपोर्ट की यात्री बस (क्रमांक CG 04 E ▶▶|शेष पेज 16 पर





### अवैध कब्जे से बना अंधा मोड़ बना काल, पुलिस ने दिखाई इंसानियत

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, इस भीषण हादसे का एक मुख्य कारण सड़क तक किया गया अवैध कब्जा है, जिसकी वजह से वहां एक खतरनाक अंधा मोड़ बन गया है और सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। घटना की सूचना मिलते ही फिंगेश्वर थाना से उप निरीक्षक प्रकाश नेताम और उप निरीक्षक सुरेश निषाद दर्जनभर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान पुलिस टीम ने मानवीय मूल्य और संवेदनशीलता दिखाते हुए सड़क पर बिखरे शव के अवशेषों को खुद साफ किया और शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवाया।

### हादसे में एक की थमी सांसें, एक गंभीर और तीसरा बाल-बाल बचा



इस जबरदस्त टक्कर में बाइक चालक राहुल साहू (27 वर्ष), निवासी ग्राम मेहदी (थाना शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा) की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठे बिट्टू (निवासी ग्राम सेवार) गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार तीसरे युवक अनीस साहू (निवासी ग्राम मेऊभाठा) को मामूली चोटें आई हैं, जो बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद प्रत्यक्षदर्शी अजय साहू ने डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस और स्थानीय पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायल को तत्काल अस्पताल रवाना किया गया।

# भाई ने पीठ पर मारा तीर आंत तक घुसी, गंभीर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुमरापदर से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने रिश्तों, इंसानियत और सामाजिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं जिस तीर-कमान का इस्तेमाल कभी जंगल में शिकार के लिए किया जाता था, उसी तीर-कमान से एक सगे भाई ने अपने ही भाई को मौत के मुंह तक पहुंचाने की कोशिश कर दी। जानकारी के अनुसार गनसिंह कमार पर उनके सगे भाई रज्जो कमार ने तीर–कमान से जानलेवा हमला कर दिया। हमला इतना भयानक था कि तीर पीठ से शरीर के भीतर गहराई तक घुस गया और आँत तक पहुंच गया। घायल की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है घायल गनसिंह कमार को सबसे पहले 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीपदर लाया गया प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल गरियाबंद रेफर किया गया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने तत्काल रायपुर रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे घायल के जीजा को भी आरोपी ने तीर-कमान से घायल कर दिया उनका भी उपचार किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर विवाद की वजह आपसी या जमीन संबंधी विवाद बताई जा रही है, इन सभी पहलुओं पर अमलीपदर थाना पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है घटना के बाद आरोपी रज्जो कमार फरार है पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। घायल को संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से उपचार के लिए ले जाया गया।



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**रसेला।** पीपरछेडी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम जिडार में केवल पिता ऐतराम ध्रुवा उम्र 21 वर्ष ग्राम भरूवामुडा ( धरमबाधा उड़ीसा ) निवासी ने जिडार के खेत जलपात पहाड़ी एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव वालों की नजर जैसी इस पर पड़ी तो पहले कौन है करके पहचानने में लगे। जब आसपास गांव के नहीं होने पर लोगों ने पहचान करने के लिए एक दूसरे के मोबाइल पर भेजना शुरू किया ताकि इसका पहचान हो सके। इस खबर तुरंत पीपरछेडी थाना में दिया गया। पुलिस स्पाट पर पहुंचकर वस्तु स्थिति देखकर पंचनामा लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला और न ही फिलहाल कारणों का पता चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के घर वाले ने बताया कि केवल का मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण बुधवार को सुबह घर से बिना बताए निकले थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक अविवाहित था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रारंभिक जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

### बिहान समूह की वार्षिक आमसभा आज

**रसेला।** ग्राम रसेला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान समूह अंतर्गत जय मां भवानी एवं नारी ग्राम संगठन का 3 जुलाई दिन शुक्रवार समय 2 बजे जगह वनधन वनोपज भवन रसेला में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, अध्यक्षता रूपादेवी ठाकुर सरपंच, विशिष्ट अतिथि परमेश्वर यादव उपसरपंच, लोकराम यादव पटेल, दुखू राम यादव ग्राम प्रमुख, संतराम नेताम, भावसिह मरकाम, केशव यादव प्रबंधक, कमलेश्वर नायक, नदुदास मानिकपुरी, सगुन दास सहित आमंत्रित अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में नारी शक्ति एवं भवानी ग्राम संगठन व बिहान की समस्त महिला जुटे हुए हैं।

### कोपरा नपं का कांग्रेस आज करेगी घेराव

**कोपरा।** नगर पंचायत कोपरा में मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर कांग्रेस द्वारा 3 जुलाई को एकदिवसीय नगर पंचायत घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में आयोजित होगा। भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# ट्रांसफर कराने के नाम पर की 1.50 लाख की ठगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**

■ पीड़िता ने थाना राखी में कराई नामजद रिपोर्ट

नया रायपुर निवासी श्रीमती फिरोज साहू ने ट्रांसफर कराने के नाम पर 1.50 लाख की कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए थाना राखी में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुराने पड़ोसी विजय पाण्डेय ने प्रभावशाली लोगों से पहचान होने का दावा कर उनके पति का तबादला कराने का भरोसा दिलाया और इसी बहाने उनसे कुल 1 लाख 50 हजार की राशि ले ली, लेकिन न तो ट्रांसफर कराया और न ही रकम वापस की। शिकायत के अनुसार, फिरोज साहू सेक्टर-29, नया रायपुर में अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ रहती हैं, जबकि उनके पति की पदस्थापना मुंगेली जिले में है। अलग-अलग जिलों में कार्यरत होने के कारण परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी परिस्थिति का लाभ उठाते हुए आरोपी विजय पाण्डेय ने ट्रांसफर कराने का आश्वासन दिया और कुल 1.50 लाख खर्च आने की बात कही। पीड़िता के अनुसार, आरोपी के कहने पर उन्होंने 29 अगस्त 2024 को फोनपे के माध्यम से 50 हजार अग्रिम राशि भेजी। इसके बाद नवंबर 2024 में आरोपी ने एक सप्ताह के भीतर ट्रांसफर सूची जारी होने का दावा करते हुए शेष राशि तत्काल देने का दबाव बनाया। इस पर उन्होंने 18 नवंबर 2024 को 98 हजार तथा 19 नवंबर 2024 को 2 हजार फोनपे के माध्यम से आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर ▶▶|शेष पेज 16 पर

# स्कूल खुले बीते 15 दिन, पर नौनिहालों को अब तक मिली न किताबें और न ही यूनिफॉर्म

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला**

नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए आज 15 दिन बीत चुके हैं। बच्चों के बस्ते ख़ाली है। तन पर पुरानी यूनिफॉर्म है। नया शैक्षणिक शाला प्रवेशोत्सव जिला स्तर व विकासखंड स्तर और हर शाला में जोर शोर से मनाया गया। मगर अभी तक बच्चों को नया किताबें और यूनिफॉर्म नहीं मिलना गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञात हो कि संकुल रसेला, मुढीपानी, रूवाड, कनसिघी, दादरगाव नया, दुल्ला, चरौदा सहित कई संकुलों में बच्चों के हाथों तक किताब नहीं पहुंची है। सरकारी नारा है, पढबो लिखबो, आगे बढबो। क्षेत्र में बच्चे अब भी पुरानी यूनिफॉर्म मे ही स्कूल आ रहें हैं। बिना किताबों के शिक्षक बच्चों को पुरानी कापियों के सहारे पढ़ा रहे हैं। कई जगह सिर्फ ब्लैकबोर्ड का सहारा है। बच्चों में नया सत्र होने का उत्साह था, वह अब गायब हो रहा है। शिक्षक विभाग का दावा था कि इस साल गणवेश और पुस्तक वितरण प्रवेशोत्सव के दिन ही किया जाएगा। यह दावा जमीनी स्तर पर धरी की धरी रह गई। अब सवाल ये उठता है कि शिक्षा जैसे गंभीर मामलों में इस देरी के लिए कौन जिम्मेदार है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बार कोडिंग और नई शिक्षा नीति के कारण आपूर्ति में देरी चिंता का विषय बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेज रहे हैं, लेकिन किताबों के अभाव में बच्चों को पढ़ाई समझ नहीं आ रही है। होमवर्क करना भी उनके लिए मुश्किल हो गया है। इससे बच्चों की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, पिछले वर्ष पाठ्यपुस्तक निगम में करोड़ों रुपए की किताबों की गड़बड़ी उजागर होने के बाद इस वर्ष प्रत्येक पुस्तक पर स्कूलवार बार कोडिंग की जा रही है। इस ▶▶|शेष पेज 16 पर



फटी-पुरानी किताबों के भरोसे पढ़ाई करने को मजबूर बच्चे

### भेण्डरी में रक्तदान शिविर 4 जुलाई को

**सुरसाबांधा।** सामाजिक सरोकार एवं मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भेण्डरी क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 4 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में क्षेत्र के युवा, खिलाड़ी एवं ग्रामवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। क्लब की ओर से सभी पात्र रक्तदाताओं से इस पुनीत कार्य में भाग लेकर जरूरतमंद मरीजों की मदद करने की अपील की गई है। आयोजकों का कहना है कि एक यूनिट रक्त कई लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए रजनीश साहू ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, युवाओं एवं ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस जनकल्याणकारी अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## नालियों का आज पर्यंत तक सफाई नहीं

# झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर**



जुलाई मास के दूसरे दिन भी नगर मे हुए रिमझिम बारिश से भीशम गर्मी एवं उमस से राहत मिली वही पर इस बात को भी बल मिला कि मानसून सक्रिय हो गई है और खेती किसानी के लिए पानी की अड़चने दूर होंगी। वहीं पर भूमिगत जलस्त्रोत जो तेजी से नीचे जा रहा था अब उसका लेबल उपर आयेगा और कुंओ सहित हेंडपंप रिचार्ज होंगे। जुलाई के प्रथम दिन से हुए बारिश और दूसरे दिन रिमझिम घंटो हुए बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों ने खेल खलिहानों में बुआई कार्य प्रारंभ कर दिया है। नगर के सड़कों एवं मैदानों में पानी जाम होने से मच्छरों ने अंडा देना प्रारंभ कर दिया है जिससे इस बात का अंदेशा जताया जा रहा है कि कुछ वार्डो में मलेरिया की बीमारी सुगमतमा से लोगों को बीमार करेगी। लोगों ने जाम हुए पानी की की निकासी के लिए नगर पंचायत से अपील की है। वार्ड 13 में बनी नए नाली को आज पर्यंत तक नगर पंचायत के द्वारा साफ- सफाई नहीं कराई गई है। वहीं पर इस नाली का निर्माण भी अधूरा है। लोगों ने प्रेस को बताया कि लाखो की राशि से बनने वाली इस नाली का निर्माण आज पर्यंत तक अधूरा है तो इस अधूरे नाली की पूरी राशि कहां गई। पूरी राशि नाली में लगी है तो नाली पूरी क्यों नहीं बनी। यह मामला जांच का विषय है। नागरिकों का कहना है कि बारिश का मौसम है नाली जाम है इसलिए इसकी साफ-सफाई आवश्यक है लेकिन नगर के सीएमओ कुंभकर्णी नींद से अभी तक जागे नहीं है। सीएमओं को नींद से जगाने वार्ड के लोगों ने ढोल नगाड़े लेकर नगर पंचायत पहुचने की चेतावनी दी है और कहा है कि नालियों की सफाई नहीं हुई तो हमे अपनी मांगों के लिए नगर पंचायत आना ही पड़ेगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
REGISTRATION OPEN
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### गजेंद्र साहू ने की पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात

**पाण्डुका।** गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा ओमकार साहू से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गजेंद्र साहू ने क्षेत्र की राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक ओंकार साहू ने गजेंद्र साहू का आत्मीय स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती और जनता के हित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई इस मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी देवेंद्र यादव, दिनेश निर्मलकर, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव सतीश चौरे, मंडल अध्यक्ष विक्रमादित्य साहू, ब्लॉक महामंत्री महेंद्र साहू समाजसेवी लक्ष्मीकांत यादव उपस्थित थे।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम उमरदा में एक महिला के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिसाहिन यादव उमरदा ने बताया कि 01 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे उसके घर के बाहर दरवाजे में शिवचरण यादव, सियाराम यादव ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। मैं ताला तोड़कर घर के अंदर अपने परिवार के साथ गई थी। ताला तोड़ने की जानकारी होने पर शिवचरण यादव, सियाराम यादव एवं अन्य लोगों ने उसके घर अंदर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** नगर के ईसाईपारा में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सोशन तांडी ने बताया कि 29 जून को मैं अपने बहू के साथ घर में थी, तभी पड़ोसी उषा शर्मा ने बताया कि उसके बेटे के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। जब घर से बाहर निकल कर देखा तो उसके बेटे राजेश तांडी, सुलेमान कुमार के साथ एलिजा कुमार, धर्मेंद्र अग्रवाल, बिलसन बंगोलिया निवासी आरंग एवं अन्य लोग मारपीट कर रहे थे। मारपीट से उसके बेटे को चोटें आई। जब उसने और उसकी बहू ने बीच बचाव किया तब उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# पेसा कानून और वनाधिकार पट्टों की अनदेखी पर फूटा आदिवासियों का गुस्सा

## आज एसडीएम दफ्तर का घेराव करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाके के ग्रामीण अपनी लंबित मांगो को लेकर फिर एक बार आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है आज ग्राम कोकड़ी मे बैठक आयोजित किया गया। जय अंबेडकरवादी युवा संगठन एवं किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में हजारों मूलनिवासियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभाओं के पदाधिकारियों की विशाल बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा क्षेत्र के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना सेवा-अर्जी एवं पिछले बैठक में लिए गए निर्णय पर समीक्षा करते हुए बैठक में संविधान प्रदत्त अधिकारों, पेसा अधिनियम एवं वनाधिकार कानून, 2006 के क्रियान्वयन पर गंभीर चर्चा हुई। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि कानून में ग्राम सभाओं को सर्वोच्च अधिकार दिए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी लगातार अनदेखी की जा रही है बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गांव-गांव में पेसा ग्राम सभा एवं वनाधिकार समितियां विधिवत गठित हैं। इसके बावजूद वन विभाग ग्राम सभाओं एवं वनाधिकार समितियों को विश्वास में लिए बिना कार्यवाही कर रहा है, जो संविधान एवं कानून की मूल भावना के विपरीत है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 03 जुलाई को क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मैनपुर को विस्तृत ज्ञापन सौंपेंगे।

### एसडीएम को सौंपेंगे अल्टीमेटम

ज्ञापन में मांग की जाएगी कि 7 दिवस के भीतर क्षेत्र में आकर प्रशासन ग्राम सभाओं, पेसा ग्राम सभा के अध्यक्षों, वनाधिकार समितियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करे। यदि निर्धारित समय–सीमा में समाधान की दिशा में प्रभावी पहल नहीं की गई, तो क्षेत्रवासी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से एसडीएम कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, शोभा सरपंच घनश्याम मरकाम, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम परदे, कोषाध्यक्ष रमेश मरकाम, प्रवक्ता पूरन मेश्राम, सचिव नकुल नागेश, रोहन नेताम, सरपंच गौरगांव चिमन नेताम, सरपंच गरहाडीह शंकर लाल नेताम, सरपंच प्रतिनिधि भूतबेड़ा टीकम मरकाम, रविन्द्र मरकाम सहित क्षेत्र के सैकडो लोग बैठक में शामिल रहे।



## बैठक : विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा

# राज्यपाल के बिजली आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट: कलेक्टर ने गोदग्राम में ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

राज्यपाल का प्रस्तावित गोदग्राम बिजली भ्रमण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर बीएस उइके ने ग्राम बिजली में जिले के सभी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम राजिम विशाल महाराणा, सरपंच पदमा निषाद सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में कलेक्टर उइके ने स्पष्ट कहा कि गोदग्राम बिजली को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें तथा विकास कार्यों में तेजी लाते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ग्राम बिजली में छह तथा मड़वाडीह में एक उपभोक्ता ने योजना के तहत सोलर संयंत्र स्थापित कर अनुदान प्राप्त किया है, जिससे उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। कलेक्टर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सब्सिडी का लाभ मार्च 2027 तक उपलब्ध रहेगा। उन्होंने पात्र हितग्राहियों से समय रहते योजना का लाभ लेने की अपील की। साथ ही मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अंतिम तिथि 3 सितंबर तक बढ़ाए जाने की जानकारी देते हुए पात्र उपभोक्ताओं को 10 से 50 प्रतिशत तक की रियायत दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने ओपन जिम परिसर, शासकीय भूमि, गौठान एवं पंचायत परिसरों में व्यापक वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। विभाग ने बताया कि 100 हितग्राहियों को जामुन, आम, मुनगा और पपीता सहित मिनी किट वितरित किए जाएंगे।

**फेंसिंग कर पौधरोपण कराने के निर्देश-** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, राशन वितरण, अपूर्ण आवासों की प्रगति तथा मनरेगा अंतर्गत मजदूरी भुगतान की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत वाटर रिचार्ज पिट, नाली निर्माण, जल संरक्षण कार्य, स्कूल परिसरों में वृक्षारोपण तथा अतिक्रमण संभावित स्थलों पर फेंसिंग कर पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक निधि से स्वीकृत मुक्तिधाम निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। सामुदायिक शौचालयों के बेहतर रखरखाव के लिए पंचायतों को नाममात्र उपयोग शुल्क लेने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं हर घर नल-जल योजना के प्रभावी संचालन के लिए प्रति परिवार 50 रुपये जलकर निर्धारित कर नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।



### गुणवत्ता और समय-सीमा से समझौता नहीं : कलेक्टर

मत्स्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने 28 सदस्यीय पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति के गठन, तीन लाख रुपये तक की ऋण सुविधा, डबरी एवं तालाब निर्माण तथा मत्स्य आहार पर उपलब्ध अनुदान की जानकारी अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा में बताया गया कि 40 किसानों को राजधानी स्थित कृषि विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण दिलाया गया है। कलेक्टर ने क्षेत्र में सुगंधित काले चावल की खेती को प्रोत्साहित करने, रबी सीजन में फसल चक्र परिवर्तन के तहत मूंगफली, सरसों एवं चना का रकबा बढ़ाने तथा क्रेडा की योजनाओं के माध्यम से गोबर गैस संयंत्र स्थापित कर जैविक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को टीबी मुक्त पंचायत बनाने, आयुष्मान कार्ड निर्माण, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग से गणवेश, पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिल वितरण, परीक्षा परिणाम तथा शिक्षकों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रभावी संचालन, महतारी वंदन योजना तथा ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री बीएस उइके ने सभी विभागों को राज्यपाल के प्रस्तावित गोदग्राम बिजली भ्रमण को ध्यान में रखते हुए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और समन्वित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# खड़मा के बांधा तालाब में अवैध मछली पकड़ने का आरोप, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 15 जून से 15 अगस्त तक मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए जलाशयों में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध रहता है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत खड़मा के बांधा तालाब में कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से मछली पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, उक्त बांधा तालाब को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), छुरा द्वारा निस्तारी तालाब घोषित किया गया है, जहां किसी भी प्रकार से मछली पकड़ना प्रतिबंधित है। ग्राम पंचायत खड़मा द्वारा भी मुनादी कराकर लोगों को मछली पकड़ने से मना किया जा चुका है, फिर भी कुछ लोग नियमों की अनदेखी करते हुए, तालाब में मछली पकड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह शासन-प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन है। शासन के प्रावधानों के अनुसार प्रतिबंध अवधि में मछली पकड़ने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना तथा छह माह तक के कारावास का प्रावधान है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित अवधि में अवैध रूप से मछली पकड़ने वालों की जांच कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि मछलियों के संरक्षण और शासन के नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित हो सके।



### पर्यावरण, जलसंवर्धन और खेल मैदान के लिए सुरक्षित हुई 126 एकड़ सरकारी भूमि

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत सोनेसिली के उपसरपंच ताराचंद साहू ने बताया कि गांव के 126 एकड़ भूमि को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग एवं पहल पर पंचायत प्रस्ताव कर पर्यावरण संरक्षण के लिए 40 एकड़ पौधारोपण ,14 एकड़ जलसंवर्धन एवं जलसंरक्षण के लिए रखा गया जिसमें तालाब निर्माण होगा। वहीं 10 एकड़ जमीन युवाओं के लिए खेल मैदान बनेगा तथा 3 एकड़ भक्त माता कर्मा समिति के लिए सामूहिक सुख-दुख कार्यक्रम के लिए भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित किया गया है। शेष जमीन को पशुओं के चारागाह के लिए सुरक्षित रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर जीरामजी योजना के अंतर्गत सीपीटी नाली निर्माण कार्य का पूजा कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच अजय साहू, उपसरपंच ताराचंद साहू सहित गांव के गणमान्य नागरिक एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# शिक्षा, समाज व राष्ट्र की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है : गौरीशंकर कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शाला प्रवेश उत्सव केवल एक रस्म नही बल्कि छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव रखने का संकल्प है शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उक्त बाते जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव ग्राम सीनापाली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। श्री कश्यप ने कहा कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और उनकी शिक्षा में सहयोग करने का आह्वान किया। पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, सुधीर अग्रवाल, कुंजबिहारी बेहरा, चंद्रशेखर सोनवानी, भगवानों बेहरा, त्रिवेणी नेताम तथा जनपद पंचायत देवभोग की अध्यक्ष पद्मल्या निधि, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नीलाम्बर कश्यप, बीआरसीसी कुंदन हरपाल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने और अपने माता-पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया और शिक्षा के प्रति सकारात्मक



# आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ 7 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ (30183) जिला शाखा गरियाबंद ने अपनी लंबित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। संगठन के जिला अध्यक्ष डोमार बघेल ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार संघ पिछले ढाई वर्षों से विभिन्न माध्यमों से आवेदन, निवेदन और पत्राचार कर अपनी मांगों के निराकरण की मांग करता रहा है। उन्होंने बताया कि 24 जून 2026 को जिला प्रशासन को पत्र भेजकर चेतावनी दी गई थी कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। जिला प्रशासन की ओर से निर्धारित अवधि में कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर संघ ने अपने पूर्व घोषित निर्णय के अनुसार 1 जुलाई 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल में जिले के नियमित, आकस्मिकता निधि, कलेक्टर दर तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर गांधी मैदान में धरने पर बैठे हुए हैं। हड़ताल के कारण जिले के सभी छात्रावास एवं आश्रमों का संचालन प्रभावित हो रहा है। शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है, जिससे छात्रावासों और आश्रमों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर कब तक कोई ठोस निर्णय लेकर गतिरोध समाप्त करता है।

## चौपाल लगाकर बताया लौह पुरुष सरदार पटेल का योगदान

# पुलिस ने साइबर फ्रॉड, नशामुक्ति और महिला सुरक्षा पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के दूरस्थ वनांचलों के ग्रामों तक लगातार इन दिनों पुलिस द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जनजागरूक किया जा रहा है। मैनपुर बीहड़ वनांचल क्षेत्र कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा सामाजिक सुरक्षा और जन चेतना को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को थाना मैनपुर के धवलपुर, कुल्हाडीघाट क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भारत रत्न लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने गांव-गांव जाकर चौपाल लगाई। कार्यक्रमों में ग्रामीणों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश की एकता और अखंडता में योगदान के बारे में बताया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण और समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा ग्रामीणों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचावरू ऑनलाइन धोखाधड़ी, फजऍ कॉल, लॉटरी और बैंक संबंधी फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए। यातायात नियमरू सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सुरक्षित ड्राइविंग के नियमों की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल सुरक्षा रू महिलाओं और बच्चों के कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों (जैसे डायल 112) के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। नशामुक्ति अभियान ग्रामीणों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिलाओं, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और युवाओं ने हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने पुलिस के इस कदम की सराहना किए।




## पेज 15 के शेष...

### एआई और थर्मल...

अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित होना इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा अपनाए गए आधुनिक एवं विज्ञान-आधारित संरक्षण उपाय वैश्विक स्तर पर भी सराहे जा रहे हैं। यह उपलब्धि दर्शाती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संचार प्रणाली का प्रभावी समन्वय वन्यजीव संरक्षण एवं जनसुरक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है।

**क्या है एमआईटी टेक्नोलॉजी रिव्यू और क्यों यह उपलब्धि है खास?-** एमआईटी टेक्नोलॉजी रिव्यू' की स्थापना वर्ष '1899' में 'मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अमेरिका' द्वारा की गई थी। यह विश्व की सबसे प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी पत्रिकाओं में से एक है, जो 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता जलवायु प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा तथा उभरती वैज्ञानिक तकनीकों' पर उच्च गुणवत्ता वाली शोधपरक एवं विश्लेषणात्मक रिपोर्ट प्रकाशित करती है। विश्वभर में नवाचारों और तकनीकी उपलब्धियों को पहचान दिलाने में इस पत्रिका की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की इस अभिनव पहल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली यह पहचान छत्तीसगढ़ की तकनीक-संचालित वन्यजीव संरक्षण रणनीति की सफलता का प्रतीक है। राज्य सरकार भविष्य में भी आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए वन्यजीव संरक्षण, मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व तथा स्थानीय समुदायों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमआईटी टेक्नोलॉजी रिव्यू में प्रकाशित होना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण तथा मानव सुरक्षा के क्षेत्र में हमारे प्रयास वैश्विक स्तर पर भी एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभर रहे हैं।

### बस और बाइक...

3066) और तेज रफ्तार बाइक (क्रमांक **BR** 11 **BS** 3327) के बीच ग्राम परसट्ठी में पवन साहू के घर के सामने सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त दूसरी बाइक पर सवार अजय और हिरेन्द्र कुछ ही दूरी पर पीछे चल रहे थे, जिन्होंने अपनी आंखों के सामने यह खौफनाक मंजर देखा।

**आक्रोश को भांप सीधे थाने पहुंची बस, वाहन जब्त-** हादसे के बाद ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के भारी आक्रोश को भांपते हुए यात्री बस के चालक संतोष यादव (निवासी खड़मा) ने सूझबूझ दिखाई और सुरक्षा की दृष्टि से बस को रोकने के बजाय सीधे फिंगेश्वर थाने ले जाकर खड़ा कर दिया। बताया गया है कि उक्त बस अमन ट्रांसपोर्ट की है, जिसके मालिक मोहम्मद जलील हैं।

**मामले की जांच जारी-** विवेचना अधिकारी व उप निरीक्षक प्रकाश नेताम ने बताया कि ग्राम परसट्ठी में बस और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मृत्यु हुई है तथा घायल का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है और मामले की मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके पहुंचने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रांसफर कराने के...

दिए पूरी राशि लेने के बावजूद आज तक उनके पति का ट्रांसफर नहीं कराया गया। रकम वापस मांगने पर आरोपी कभी फोन नहीं उठाता और कभी बहाने बनाकर गुमराह करता रहा। इससे स्वयं को ठगा महसूस करते हुए पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कराई है।

### स्कूल खुले बीते...

प्रक्रिया के कारण किताबों की छपाई और आपूर्ति में भारी देरी हो रही है।

**किताबें मिलते ही करेंगे वितरित-** विकासखंड के 50 प्रतिशत से अधिक प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में अब तक किताबें नहीं पहुंची है। स्कूल प्राचार्य का कहना है कि पुस्तक वितरण केन्द्रों से लगातार संपर्क किया जा रहा है, किताबें मिलते ही छात्रों को वितरित कर दी जाएगी। इस संबंध में बीआरसीसी प्रेमदास मार्कण्डेय ने बताया कि कुल 35 संकुलों में सिर्फ 11 संकुलों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित किया गया है और 24 संकुलों को 5 तारीख तक पुस्तकें वितरण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल सम्मानित

**मैनपुर।** मैनपुर में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उत्कृष्ट प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल को जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके वर्षों के समर्पण, अनुशासन और विद्यालय विकास में निरंतर किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा और विद्यालय विकास में अनुकरणीय योगदान दिया है। विगत 5 वर्षों में उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के 7 विद्यार्थियों का प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयन होना विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। श्री पटेल की कार्यशैली सदैव प्रेरणादायक रही है। वे प्रतिदिन विद्यालय समय से आधा घंटा पूर्व पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हैं तथा अवकाश के दिनों में भी एक घंटे तक विद्यालय का संचालन एवं निरीक्षण करते हैं। इतना ही नहीं, ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी विद्यालय परिसर के पेड़-पौधों की देखभाल कर उन्हें नियमित रूप से पानी देना उनकी विद्यालय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चित्रसेन पटेल का यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि जब कोई शिक्षक तन, मन और धन से अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहता है, तो समाज और प्रशासन दोनों उसके योगदान को सम्मानित करते हैं। यह सम्मान न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### क्रांति सेना का सदस्यता अभियान जारी



रसेला। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम दादरगांव (नया) में सदस्यता अभियान के तहत जोरदार सेनानी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में सेनानी भाइयों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संगठन की विचारधारा, छत्तीसगढ़ के हक-अधिकार, संस्कृति के संरक्षण तथा समाज सेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में सदस्यता अभियान के पोस्टर चिपकाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उपस्थित सेनानी भाइयों ने ग्रामीणों को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं आम जनता को संगठन से जोड़ने का अभियान लगातार चलता रहेगा, ताकि छत्तीसगढ़िया समाज की आवाज और अधिक मजबूत हो सके। बैठक में पार अध्यक्ष कलाराम नेताम, डीगेश्वर मरकाम, तेज कुमार मरकाम, अन्नकुमार नेताम, सौरभ नेताम, भगवानी नेताम, नकुल मरकाम, गणेश राम मरकाम, पुष्पराज साहू एवं चोखेलाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**इंतजार : मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर टिकी नजरें**

# दिनभर तेज धूप, खेतों की नमी खत्म होने से सूखने की कगार पर धान की नर्सरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हर शाम आसमान उम्मीदों से भर जाता है दूर तक काले बादल उमड़ते हैं, तेज हवाएं चलती हैं और लगता है कि अब धरती की प्यास बुझ जाएगी लेकिन कुछ बूंदें गिरते ही बादल बिना बरसे आगे बढ़ जाते है जून का माह बगैर बारिश के खत्म हो गया पर मानसून अब तक पूरी तरह मेहरबान नहीं हुआ खरीफ की तैयारियां अधर में है, खेत नमी मांग रहे हैं, मौसम विभाग ने अगले तीन-चार दिनों में मानसून के रफ्तार पकड़ने के संकेत दिए है, इसलिए उम्मीदे अभी पूरी तरह टूटी नहीं है। मानसून सीजन शुरू हुए जून का माह गुजर चुके हैं, लेकिन गरियाबंद जिले में अब तक लगातार और संतोषजनक बारिश नहीं हो सकी है पिछले एक सप्ताह से मौसम रोज लगभग एक जैसा ही नजर आ रहा है दिन भर तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती है, लेकिन शाम होते होते बादलों का घेरा बनता है तेज हवाएं चलती है, वातावरण में ठंडक घुलती है और लोगों को अच्छी बारिश की उम्मीद बंधती है लेकिन यह उम्मीद कुछ मिनटों की हल्की फुहार के साथ खत्म हो जाती है इस अस्थिर बारिश का सबसे बड़ा असर खेती पर दिखाई देने लगा है खरीफ फसल के लिए किसानों ने समय रहते खेत तैयार कर लिए थे कई स्थानों पर धान की नर्सरी तैयार हो चुकी है, जबकि शुरूआती बारिश के भरोसे कुछ किसानों ने बुवाई भी शुरू कर दी है अब लगातार पानी नहीं मिलने से खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही है।

**बारिश के लिए पूजापाठ का दौर जारी**



आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाको के गांवो मे बारिश के लिए पूजापाठ का दौर शुरू हो चुका है किसानो को उम्मीद है कि जल्द ही अच्छी बारिश होगी किसान प्रभुराम नेताम, आलिम अंसारी, रूदे"वर साहू, टीकम कपिल, बनसिंग ध्रुव, थानुराम पटेल, शेखर पटेल, पवन दीवान ने बताया अभी क्षेत्र मे अच्छी बारिश नही हुई है पिछले दिनो थोड़ी बारिश हुई थी उसमे किसानो ने धान की बोआई कुछ लोगों ने किया लेकिन अब वह धान खराब होने की स्थिति में है। वहीं इस क्षेत्र मे सिंचाई की सुविधा नहीं है कुछ किसानों के पास जो ट्यूबवेल है लेकिन बारिश के बगैर वह भी रोपाई का कार्य नहीं कर सकते। पिछले एक सप्ताह से मौसम लोगों के साथ आंख मिचौली खेल रहा है सुबह से दोपहर तक तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को बहाल कर देती है शाम करीब 6 बजे के बाद अचानक मौसम बदलता है आसमान पर काले घने बादल छा जाते हैं, तेज हवाएं चलने लगते हैं और कई जगह हल्की बूंदाबांदी भी होती है कुछ देर के लिए ऐसा लगता है कि अब झमाझम बारिश होगी, लेकिन बादल बिना बरसे ही आगे निकल जाते हैं अगले दिन फिर वही तेज धूप और उमस लोगों की परेशानी बढ़ा देती है इस लगातार बदलते मौसम ने बेचैनी भी बढ़ा दी है हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियों के बनने के बाद अगले तीन-चार दिनों में मानसून सक्रिय हो सकता है।

## सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाएगा एचपीवी टीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), कोसंबुड़ा में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राहुल नेताम ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, छुरा तथा उषा राय, सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छुरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दोनों विशेषज्ञों ने छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम, एचपीवी वैक्सीन तथा मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। जागरूकता सत्र के दौरान बताया गया कि 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत लाभकारी है, जो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है। साथ ही सर्वाइकल कैंसर क्या है, इसके प्रमुख कारण, लक्षण, जोखिम कारक तथा बचाव के उपायों पर भी सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से चर्चा की गई। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित आहार अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक एवं समस्त कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों द्वारा दी गई स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों को गंभीरता से सुना तथा अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा भविष्य में गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

## कार्यकर्ताओं को नई तकनीक से जोड़ना समय की मांग : संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



बुधवार को श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल कोपरा के तत्वावधान में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संदीप शर्मा, अध्यक्ष राज्य खाद्य आयोग उपस्थित रहे। उनके साथ डीएलपी प्रभारी पंकज निर्मलकर, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूपनारायण साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कमलेश साहू, डीएलपी सह प्रभारी लोकेश साहू, मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, भारती साहू तथा हीरामणि साहू अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संगठन की गतिविधियों, कार्यपद्धति और कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है तथा कार्यकर्ताओं को नई तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कोपरा मंडल के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक-सह संयोजक, विभिन्न मोर्चा, मंडल, समिति एवं सोसाइटी के पदाधिकारी, नगर के पार्षदगण, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा मातृशक्ति स्वरूपा महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री हेमंत वर्मा ने किया। इस अवसर पर खिलेश्वर गोस्वामी, नागेश्वर साहू, दीपक साहू, ग्वाल तारक, दिलीप वर्मा, झाड़ू राम तारक, दशरथ यादव, प्रेमने साहू, उदय राम साहू, डाकेश निर्मलकर, चेमन साहू, विद्या कुमार साहू, विनोद कुमार पटेल, राजेश साहू, बसंत कुमार पटेल, पूरनलाल साहू, होरीलाल साहू, चंद्रशेखर साहू, गेंदालाल साहू, ताराचंद सेन, जेठूराम ध्रुव, झामन साहू, डायमंड साहू, अश्वनी साहू, ताम्रध्वज साहू, चंदन देवांगन उपस्थित थे।

## पीपरछेड़ी स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीपरछेड़ी, विकासखंड एवं जिला गरियाबंद में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष खेदूराम यादव थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में शाला विकास समिति के सदस्य अश्वनी वर्मा एवं ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि दीपेश दीवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य मनोज मेरसा, वरिष्ठ व्याख्याता कामता राम साहू, व्याख्याता बसंत त्रिवेदी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल-चंदन का तिलक लगाकर, मुँह मीठा कराकर एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा ज्ञान के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करने पर बल दिया। प्राचार्य मनोज मेरसा ने विद्यार्थियों को विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराते हुए उन्हें नियमित रूप से अध्ययन करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के व्याख्याता डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन विद्यालय के खेल प्रमुख सूरज राव महाडिक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, कर्मचारी, अभिभावक एवं सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर धरती पर भगवान का दूसरा रूप : साहू

**डॉक्टर दिवस पर शहर के चिकित्सकों का सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के नेतृत्व में मातृशक्तियों की एक टीम ने पूरे शहर में भ्रमण कर चिकित्सकों का आत्मीय सम्मान किया। सेवा, समर्पण और मानवता के प्रतीक माने जाने वाले डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए टीम ने विभिन्न अस्पतालों एवं क्लीनिकों में पहुंचकर चिकित्सकों को शॉल ओढ़ाया, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। दिनभर चले इस सम्मान अभियान में शहर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. मैडम कौर, डॉ. श्वेता पांडे, डॉ. केआर सिन्हा, डॉ. आयुष शर्मा, डॉ. पुनित गोस्वामी, डॉ. गोपाल केला, डॉ. दिलीप शाह, डॉ. राजेंद्र गदिया, डॉ. केएन रमेश, डॉ. उमा गुप्ता, डॉ. लीलाराम साहू सहित अन्य चिकित्सकों के क्लीनिक एवं डिस्पेंसरी में पहुंचकर उनके प्रति समाज की ओर से सम्मान और आभार प्रकट किया गया। सम्मान पाकर सभी चिकित्सकों ने भी मातृशक्तियों के इस स्नेहपूर्ण प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज और चिकित्सा जगत के बीच विश्वास एवं आत्मीयता को मजबूत करने वाला कदम बताया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि डॉक्टर केवल मरीजों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अनेक परिवारों को नया जीवन और नई उम्मीद देने का कार्य करते हैं। कहा कि डॉक्टर वास्तव में धरती पर भगवान का दूसरा रूप हैं। जब कोई व्यक्ति बीमारी या संकट से जुझता है, तब सबसे पहले उसे चिकित्सक ही जीवनदान देने का प्रयास करते हैं। डॉक्टर केवल बीमारी का इलाज नहीं करते, बल्कि निराश मरीजों में जीवन जीने की नई उम्मीद भी जगाते हैं। शहर के विभिन्न अस्पतालों और क्लीनिकों में हुए इस सम्मान समारोह के दौरान आत्मीयता और सम्मान का भाव स्पष्ट दिखाई दिया।

**मुरमुरा विद्यालय में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत**

## शिक्षित समाज ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है : अनिल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर, झरझरा माता की पावन कृपा से बसे ग्राम मुरमुरा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्सवमय वातावरण में डूबा रहा। मधुर स्वागत गीतों, प्रेरणादायक गायन, तालियों की गूंज और बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर, मिठाई खिलाकर तथा आत्मीय स्वागत करते हुए विद्यालय परिवार ने उन्हें शिक्षा के नए सफर की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे बच्चों और अभिभावकों के चेहरों पर विशेष उत्साह और खुशी साफ दिखाई दे रही थी। बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं जनप्रतिनिधि इस अवसर के साक्षी बने। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनिल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा शिक्षा के महत्व को समझते हुए उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही समृद्ध और विकसित समाज का निर्माण करता है। ग्राम पंचायत मुरमुरा के सरपंच दीपक ध्रुव ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है और यह तभी सफल होगा जब समाज और अभिभावक अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शाला प्रवेश उत्सव के इस आयोजन ने नवप्रवेशी बच्चों के मन में विद्यालय के प्रति अपनत्व, उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया तथा शिक्षा के प्रति समाज की सकारात्मक सोच को भी मजबूती प्रदान की। इस दौरान प्रचार्य, शिक्षक जनप्रतिनिधि, आम जनता अभिभावक और सुन्दर बच्चे मौजूद रहे।

**FORM-1**

**NOTICE TO BE PUBLISHED IN NEWSPAPER FORM**

1. Old Name, which is to be changed BHOLESHWAR S/W/D/o GIRWAR LAL Village KANESAR Tahsil CHHURA District GARIYABAND Chhattisgarh have changed my name from BHOLESHWAR (Old name) to BHOLESHWAR DHRUW (new name)

**BHOLESHWAR**
**Signature**
**(old name)**

**प्रारूप- (एक)**

**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं भोलेश्वर (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र गिरवर लाल गांव कनेसर, तहसील छुरा, जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ ने अपना नाम भोलेश्वर (पुराना नाम) से बदलकर भोलेश्वर ध्रुव (नया नाम) रख लिया है।

**भोलेश्वर**
**हस्ताक्षर**
**(पुराने नाम से)**

## जामली में मौली चौक रंगमंच जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन



**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम पंचायत जामली के मौली चौक रंगमंच के जीर्णोद्धार के लिए जनपद सदस्य भेषमती रूपसिंह साहू द्वारा 1.60 लाख रुपए की राशि स्वीकृति दी गई है। जिसका भूमिपूजन का कार्यक्रम सरपंच ,पंचगण, ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में हुआ।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण बचाने के लिए सुरसाबांधा में पौधारोपण

**सुरसाबांधा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया और आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में हरिओम साहू ,ताराचंद साहू, दमिका साहू, मोना साहू, कुसुम साहू शामिल थे। सभी ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश दिया तथा कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधरोपण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक बड़ा योगदान होगा। कार्यक्रम में सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव जागरूक रहने तथा अपने परिवार और समाज के लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।


### पटेल जयंती पर छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी



**अभनपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर अभनपुर पुलिस ने न्याय संहिता अभियान के तहत श्री बजरंग दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अभनपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को कानून, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।
थाना अभनपुर की ओर से उप निरीक्षक दीपक कुमार साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विमल खरे, प्रशिक्षु उप निरीक्षक कौशिल्या गोंड, आरक्षक मधुसूदन सिन्हा तथा महिला आरक्षक प्रतिमा वर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने, जिम्मेदार नागरिक बनने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि बदलते समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान लिंक और कॉल से सावधान रहने तथा महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी रखने की सलाह दी गई।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जानकी साहू सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### खरोरा में सैन्य प्रशिक्षण 5 से

**महासमुंद।** शहीद स्मारक खरोरा में 5 जुलाई 26 से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण चलाया जाएगा। शहीद स्मारक के पीछे तालाब पर ग्रामवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।




**आयोजन :** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर का शानदार प्रदर्शन

# मॉडल पैक्स के रूप में चुनी गई फिंगेश्वर समिति आधुनिक और डिजिटल सेवाओं से बढ़ेगी आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रलय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज चौथे दिवस माडल पीएसीएस के भ्रमण के लिए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर का चयन मॉडल पीएसीएस के लिए किया गया था। इस आयोजन की अध्यक्षता सहायक आयुक्त सहकारिता कुमारी माहेश्वरी तिवारी मैम द्वारा किया गया। आयुक्त मैम के द्वारा विकासखंड फिंगेश्वर के 24 सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों को मॉडल पैक्स के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने इस भ्रमण का उद्देश्य मॉडल पीएसीएस के सफल संचालन, आधुनिक कार्यप्रणाली, डिजिटल सेवाओं,किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास के विभिन्न आयामों का अवलोकन करना बताया गया। इससे अन्य सहकारी समितियों को भी नवीन कार्यप्रणालियों को अपनाने और किसानों को अधिक प्रभावी सेवाएं प्रदान करने को कहा। कृषि निवेश (बीज, खाद, कीटनाशक) उपलब्ध कराना।फसल खरीद एवं भुगतान की व्यवस्था करना, किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्य व्यवसायों को बढ़ावा देना।

- **आयुक्त ने दी मॉडल पीएसीएस के बहुआयामी सेवाओं की विस्तृत जानकारी**

### आय के नए स्रोतों से मजबूत होगी सहकारिता

माडल पीएसीएस द्वारा दी जाने वाली सेवाएं कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय धान अन्य फसलों की खरीदी, गोदाम एवं भंडारण सुविधा, जन सेवा केंद्र (सीएससी) एवं डिजिटल सेवाएं बिजली बिल, पानी बिल, बैंकिंग एवं आधार संबंधी सेवाएं डेयरी, मत्स्य पालन,बकरी पालन आदि के लिए सहायता, कृषि यंत्र बैंक (ट्रैक्टर, रोटावेटर, रीपर आदि किराये पर देना) उचित मूल्य दुकान एवं बीमा एवं पेंशन योजनाओं का संचालन, खाद-बीज की बिक्री पर कमीशन धान खरीदी पर सेवा शुल्क, गोदाम किराया पर देना सीएससी एवं अन्य सेवाओं से आय, कृषि यंत्र किराया देना आदि उपरोक्त सभी कार्यों को करने से सभी सहकारी समिति मॉडल पैक्स के रूप में पहचानी जाएगी और समितियों के आय में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम में गरियाबंद से सहकारिता



निरीक्षक रवि मिश्रा, विकाखंड फिंगेश्वर के सहकारिता विस्तार अधिकारी मोहित राम गड़तिया, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा फिंगेश्वर के शाखा प्रबंधक एसएन पांडे, पर्यवेक्षक तोषण लाल साहू, शाखा कोपरा के पर्यवेक्षक प्रभाशंकर मिश्रा एवं आयोजनकर्ता समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष अश्विनी विश्वकर्मा एवं समिति प्रबंधक मनोज कुमार साहू एव कर्मचारीगण, विकासखंड फिंगेश्वर के 24 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के समिति प्रबंधक उपस्थित रहे।

# जिला पुलिस ने गांव-गांव चलाया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारत रत्न एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गरियाबंद पुलिस ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत थाना पाण्डुका के ग्राम तर्रा तथा थाना मैनपुर के धवलपुर, कुल्हाड़ीघाट सहित आसपास के गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को सामाजिक सुरक्षा, कानून और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने ग्रामीणों को सरदार वल्लभभाई पटेल के देश की एकता और अखंडता में दिए गए ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लॉटरी और बैंकिंग फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी। इसके अलावा सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए महिलाओं और बच्चों के कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा तथा डायल 112 सहित अन्य पुलिस हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। वहीं युवाओं और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों ने पुलिस के इस जनहितकारी अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# सेजेस राजिम में मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



शासकीय रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा में सहयोग करें। आज का विद्यार्थी ही कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा। विद्यालय के प्राचार्य बीएल ध्रुव ने कहा कि विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नवाचार एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समिति के सदस्य राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय ज्ञान और तकनीक का युग है। विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों का सकारात्मक उपयोग करते हुए निरंतर सीखने की आदत विकसित करनी चाहिए। शिक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की सबसे मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम में स्वर्गीय मदन गोपाल गुप्ता जी देवरी वाले की पुण्य स्मृति में राजेन्द्र गुप्ता सह गुप्ता परिवार के सौजन्य से निःशुल्क शिक्षा सहयोग के रूप में आर्थिक रूप से कमजोर नवप्रवेशी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग, पाठ्यपुस्तकें, कॉपियाँ एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में व्याख्याता कमल सोनकर, सागर शर्मा, गोपाल देवांगन, शिखा महाड़िक, अंजू मार्कण्डे एवं व्याख्याता विक्रम सिंह ठाकुर, नारायण लाल साहू, प्रणिति चंद्राकर, साक्षी जपे, पिंकी तारक, नेहा सिंह, कैलाश साहू, अंगेश गंगले, जितेंद्र साहू, धृति चंद्राकर, सुमन राठौर, डीकर्ण साहू, लिलेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

कहते है सत्ता में रहकर विकास कराना आसान होता है लेकिन गरियाबंद जिले के अंतिम छोर देवभोग क्षेत्र में आज एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने इस धारणा पर ही सवाल खड़े कर दिया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश को अपने ही गृहग्राम के सड़क बनवाने के लिए सैकड़ों ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी पर धरना देना पड़ा। वहीं दूसरी ओर भाजपा के जिला स्तरीय नेता को अपने ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठा देख कांग्रेस ने भी मौके को हाथ से जाने नहीं दिया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा धरना स्थल पहुंचे हालंकि उनके पहुंचने से पहले पुलिस और प्रशासन द्वारा धरना समाप्त करा चुकी थी। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुकचंद बेसरा ने भाजपा सरकार के विकास मॉडल पर तंज कसते हुए कहा जब सत्ता दल के भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष को अपने ही गांव के सड़क बनवाने के लिए नेशनल हाइवे मे चक्काजाम कर आंदोलन करना पड़ रहा है तो आम जनता की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। श्री बेसरा ने कहा यदि भाजपा सरकार अपने नेताओ के गांव मे मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नही करा पा रही है तो बाकी गांवो के विकास के दावे कागजो मे ही सीमित है।




### सड़क बरसात में पूरी तरह कीचड़ में हो जाता है तब्दील

देवभोग विकासखंड अंतर्गत मुड़ागांव में गुरुवार को सीसी सड़क निर्माण की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-130सी जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद जाम समाप्त कराया गया। प्रदर्शन के दौरान कई बार पुलिस और आंदोलनकारी महिला-पुरुषों के बीच तीखी नोकझोंक और झड़प भी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि करलाकोट गांव तक जाने वाली सड़क बरसात में पूरी तरह कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाती है। यही गांव की एकमात्र सड़क है, जिसके कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, स्कूली बच्चों के आवागमन और रोजमर्रा के कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर लोगों को हाईवे जाम कर आंदोलन करना पड़ा। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और भरोसा दिलाया कि उनकी मांग को शासन स्तर तक भेजकर जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर हाईवे से जाम हटा दिया।

# शिक्षा और संस्कार मनुष्य को महान बनाते हैं : निर्मलकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)



गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत छुरा के जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और संस्कार ही मनुष्य को महान बनाते हैं। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर व्यक्तित्व और सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है।/" उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित एवं संस्कारवान बनाकर ही एक मजबूत और विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यालयों में प्रार्थना संबंधी निर्देशों की सराहना करते हुए शासन की विभिन्न शिक्षा योजनाओं की प्रशंसा की। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राम प्रसाद शांडिल्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच हेमलाल नेताम, रमन नामदेव, साधुराम निषाद एवं भानु प्रताप साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एम. आर. खान, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डीके साहू ने किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन भी उन्होंने ही किया।

# सेवानिवृत्त हवलदार राजेंद्र का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



पुलिस विभाग के हवलदार राजेन्द्र गोस्वामी के 40 वर्षों के गौरवपूर्ण पुलिस सेवा पूर्ण करने पर 30 जून को रायपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर रायपुर ने उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके समर्पित सेवाकाल की सराहना की। श्री गोस्वामी ने बताया कि चार दशकों की पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने अनेक चुनौतीपूर्ण और चर्चित मामलों में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वे बिलाईगढ़, सरसीवां, राजिम, अभनपुर सहित विभिन्न थानों में पदस्थ रहे। हर स्थान पर उन्होंने ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर विभाग में एक अलग पहचान बनाई। उनकी सेवानिवृत्ति पर पुलिस अधिकारियों, सहकर्मियों, शुभचिंतकों एवं परिजनों ने उनके स्वस्थ, सुखद और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सरकार सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने कर रही अच्छी पहल : धनीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा



ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित, लोहरसी में गुरूवार को सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस समिति परिसर में प्राधिकृत अध्यक्ष धनीराम साहू द्वारा सहकारिता ध्वज का ध्वजारोहण कर सहकारिता सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों, किसानों एवं समिति कर्मचारियों ने सहकारिता आंदोलन को और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया। प्राधिकृत अध्यक्ष धनीराम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता केवल एक संस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, किसानों की आर्थिक उन्नति, आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य किसानों, ग्रामीणों एवं सहकारी संस्थाओं को अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने सहकारिता सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि सप्ताह भर सहकारिता जागरूकता, सदस्य सहभागिता, किसान हितैषी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, संगोष्ठी तथा अन्य जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि सहकारिता के सिद्धांतों एवं मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। कार्यक्रम में समिति के




# भेण्डरी हाईस्कूल में मना ब्लॉक स्तरीय प्रवेश उत्सव

**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव उ मा वि भेण्डरी में ब्लॉक स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है, इससे इंसान आगे बढ़ता है और अपनी मंजिल को प्राप्त करता है। कहा कि अच्छे विद्यार्थी बने अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करें इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को मुंह मीठा और निशुल्क पाठ्य पुस्तक दिया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ,जिला पंचायत सदस्य मीना डेमूसाहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव, शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव ,जनपद सदस्य विनीता संसाधन साहू, सरपंच राजेश्वरी आनंद पटेल, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन ,समिति अध्यक्ष हेमंत साहू आदि मौजूद थे।

